(ग) राज्य के प्रत्येक गांव के पेयजल की आपूर्ति हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री (श्री किंजरापू थेरन्नायडू) : (क) इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई हैं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) उम्मीद हैं कि राज्य सरकार बुनियादी न्यूनतम सेवाओं के अर्न्तगत तथा उपमिशन सहित राज्य क्षेत्र न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम, केन्द्र द्वारा प्रायोजित त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण जल आपूर्ति संबंधी विभिन्न योजनाओं को लागू करेंगे।

गांवो का शहरीकरण

102. **श्री रामजीलाल** : क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दक्षिणी दिल्ली और बाहरी दिल्ली में आज तक कितने गांवों का शहरीकरण किया गया हैं

(ख) क्या महरौली जोन में स्थित गांवो अर्थात लाडो सराय, सैदुलाजाब, नेब सराय, मैदानगढ़ी इत्यादि का शहरीकरण हो गया हैं अथवा नहीं , और

(ग) वर्ष 1997-98 के दौरान कितने गांवो का शहरीकरण किए जाने की संभावना हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री (श्री किंजरापू येरन्नारडफ) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही हैं और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Diversion of Pancbayati Raj Funds in West Bengal

103. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that huge funds have been diverted from Panchyati Raj Funds to other projects by West Bengal Government as reported in all newspapers of 6th July, 1997;

(b) whether it is also a fact that such diversion of funds to Bengal Government has deprived millions of people from getting financial help under Jawahar Rozgar Yojana; and

(c) what action Government have taken so far in the matter?

THE MINISTER OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI K. YERRANNAIDU): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

गुजरात के जिलों में पेयजल हेतु सहायता

104. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी** : क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को गुजरात सरकार की ओर से राज्य में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वित्तिय सहायता हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ हैं

(ख) यदि हां, तो राज्य के पंचमहल बनासकांठा और कच्छ जिलों में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु की गई कार्रवाई का अघतन ब्यौरा क्या हैं.

(ग) वर्ष 1996-97 और 1997-98 के दौरान इन जिलो में पेयजल उपलब्ध कराने की योजनाओं के लिए कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई हैं, और

(घ) क्या इस प्रयोजनार्थ राज्य सरकार को विश्व बैक की सहायता उपलब्ध कराई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री (श्री किजंरापू येरन्नायडु) : (क) गुजरात राज्य सरकार ने प्रभावित बसावटों में गुणवत्ता संबंधी समस्या को हल करने के लिए उप-मिशनों के तहत तकनीकी स्वीकृति तथा वित्तीय सहायता के लिए बनासकांठा सहित सात जिलों के लिए परियोजनाएं भेजी हैं।

(ख) राज्य सरकार द्वारा राज्य क्षेत्र की न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम केन्द्र द्वारा प्रायोजित त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम के अंतर्गत और न्यूनतम मूलभूत सेवाओं के अंतर्गतत पेयजल योजनाएं चलाई जा रही हैं।

(ग) 1996-97 के दौरान गुजरात राज्य सरकार को त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 41.97 करोड़ रूपये रिलीज किए गए थे। 1997-98 के दौरान अभी तक केन्द्रीय सहायता के रूप में 25.36 करोड़